# हरियाणा एआई विकास परियोजना

## चर्चा में क्यों?

हरियाणा सरकार ने **हरियाणा एआई विकास परियोजना (HAIDP) और वर्ष** 2025-28 के लिये 474.39 करोड़ रुपए के कुल परिव्यय के साथ एक **विशिष्ट प्रयोजन वाहन (SPV)** के गठन की योजना बनाई है।

## मुख्य बिंदु

- **परियोजना के बारे में:**
  - राज्य सरकार का लक्ष्य हरियाणा को कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित विकास के लिये राष्ट्रीय केंद्र में परिवर्तित करना है।
    - **यह परियोजना तीन वर्षों** (2025-2028)के लिये क्रियान्वित की जाएगी।
    - कुल परिव्यय को विश्व बैंक **और हरियाणा सरकार द्वारा 70:30 के अनुपात में वित्त पोषित किया जायेगा।**
- **प्रमुख सुविधाएँ:**
  - **गुरुग्राम में** ग्लोबल आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस सेंटर (GAIC) की स्थापना की गई है।
    - पंचकूला में हरियाणा उन्नत कंप्यूटिंग सुविधा (**HACF**)।
- **कौशल विकास केंद्र:**
  - **इस परियोजना का उद्देश्य एआई, मशीन लर्निंग और** डाटा साइंस जैसे क्षेत्रों में 50,000 से अधिक पेशेवरों को प्रशिक्षित करना और उन्हें आगे बढ़ाना है।
  - **HAIDP** का उद्देश्य **सार्वजनिक प्रशासन में एआई को एकीकृत करना** तथा सरकारी विभागों में डाटा-संचालित सेवा वितरण को बढ़ाना है।
- **स्टार्ट-अप और नवाचार के लिये समर्थन:**
  - यह परियोजना इनक्यूबेशन, मार्गदर्शन और साझा कंप्यूटिंग अवसंरचना प्रदान करके स्टार्ट-अप**, अनुसंधान एवं विकास तथा उद्यमशीलता को बढ़ावा देगी।**

## विश्व बैंक

- **परिचय**
  - विश्व बैंक एक **वैश्विक विकास सहकारी संस्था** है, जिसमें **189** सदस्य देश हैं।
  - इन देशों या शेयरधारकों का प्रशासन एक **बोर्ड ऑफ गवर्नर्स** द्वारा किया जाता है, जो आमतौर पर वित्त या विकास मंत्रियों से निर्मित होता है।
  - बोर्ड की बैठक प्रतिवर्ष नीति निर्धारण और वैश्विक विकास में संस्था के कार्यों की देखरेख के लिये होती है।
- **मिशन एवं कार्य:**
  - भारत में विश्व बैंक द्वारा वित्त पोषित कुछ परियोजनाएँ हैं, **भारत ऊर्जा दक्षता स्केल-अप कार्यक्रम, संकल्प, MSME प्रदर्शन में वृद्धि एवं तेज़ी (RAMP), ईस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर,**एवं मुंबई शहरी परिवहन परियोजनाएँ आदि।
  - विश्व बैंक का लक्ष्य **गरीबी को कम करना** एवं साझा समृद्धि को बढ़ावा देना है।
  - यह देशों को जटिल विकास चुनौतियों से निपटने में सहायता प्रदान करने के लिये **वित्तीय उत्पाद, तकनीकी सहायता** और **नीतिगत सलाह** प्रदान करता है।
  - विश्व बैंक प्रभाव को अधिकतम करने के लिये बहुपक्षीय संस्थाओं, नागरिक समाज, निजी क्षेत्र के अभिकर्त्ताओं एवं संस्थाओं के साथ सहयोग करता है।
    - विश्व बैंक ने **शिक्षा, स्वास्थ्य, बुनियादी ढाँचे एवं पर्यावरणीय स्थिरता** जैसे क्षेत्रों में 15,000 से अधिक परियोजनाओं को वित्त पोषित किया है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/haryana-ai-development-project